**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.04.2025/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

## रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला देश के 47 स्थानों पर आयोजित हो रहा है। इससे युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान का सार्थक अवसर मिलेगा। नवनियुक्त युवा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम करेंगे।

इधर शिमला स्थित केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और उपक्रमों में नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएंगे।

## कैंडल मार्च

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने  शिमला में कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित मंत्री, विधायक व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाली बाहरी ताकतों के खिलाफ मुंहतोड़ जबाब देने के लिए कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ है।

## पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

## रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण और सही नीतियों से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव कर रही हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाया, और गलत नीतियों के परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा रैंकिंग में प्रदेश पिछड़ कर 21वें स्थान पर पहुंच गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने लगभग 15 हजार शिक्षकों के पद मंजूर किए हैं। जिनमें से साढ़े पांच हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है।

**पठानिया**

उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कांगड़ा जिला के शाहपुर में शीघ्र ही पांच करोड़ रुपये की लागत से उद्यान उत्कृष्टता उप केंद्र स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को झुलाड़ फार्म की भूमि उद्यान विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। पठानिया ने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में बागवानी विभाग में खाली पदों को शीघ्र भरा जाएगा।

**धरना प्रदर्शन**

प्रारम्भिक शिक्षा और उच्च शिक्षा निदेशालय को मर्ज कर एक निदेशालय बनाने के सरकार के फैसले के खिलाफ राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ आज शिमला के चौड़ा मैदान में धरना प्रदर्शन करेगा। संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि इस निर्णय से शिक्षा में गुणात्मक शिक्षा के बजाए शिक्षा का बुनियादी ढांचा प्रभावित होगा।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............**

**शिमला समझौते के टेबल पर रखा पाकिस्तानी झंडा हटाया** शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–**दो जुलाई 1972 को भारत–पाक के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला के बार्नेस कोर्ट में हुआ था समझौता। इस** खबर को पंजाब केसरी, दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक ने भी प्रमुखता दी है।

मंडी जिला के पंडोह में हुई कार दुर्घटना संबंधी ख़बर पर दैनिक सवेरा टाइम्स की सुर्खी है–**मातम में बदली खुशियां दूल्हे के भाई, भाभी व भतीजी सहित पांच की मौत**। इस ख़बर को दिव्य हिमाचल ने भी अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की एक ख़बर है–**मौसम साफ रहा तो 15 मई तक यातायात के लिए बहाल हो सकता है मनाली–लेह मार्ग। इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे नमस्कार। ——————————**